प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 06.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड उच्च न्यायालय ने रांची के नामकुम अंचल में दाखिल–खारिज रिकॉर्ड गायब होने के मामले में एसीबी जांच के दिये आदेश।
2. चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल, असम, केरलम, तमिलनाडु और पुद्दुचेरी में नयी विधानसभा गठन की अधिसूचना जारी की, बंगाल के अधिकारियों को हिंसा से निपटने का सख्त निर्देश।
3. पश्चिम बंगाल के चुनावी नतीजों पर झामुमो ने भाजपा की जीत को बताया साजिश, भाजपा ने किया पलटवार, कहा– जनता ने बदलाव के लिए भाजपा को चुना।
4. भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण और नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिसर्विटी ने साइबर सुरक्षा और डिजिटल फॉरेंसिक को मजबूत बनाने के लिए शुरू किया आपसी सहयोग।
5. झारखंड लोक सेवा आयोग की 10 मई को होने वाली संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा–2023 को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, परीक्षा केंद्रों के बाहर निषेधाज्ञा रहेगी लागू।

*******************

रांची के नामकुम अंचल में दाखिल–खारिज रिकॉर्ड गायब होने के मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए एसीबी जांच के आदेश दिए हैं। अदालत ने सुनवाई के दौरान संबंधित अंचल कार्यालय की ओर से रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराने पर कड़ी नाराजगी जताई और इसे गंभीर लापरवाही बताया। न्यायालय ने आशंका जताई कि मामले में जान–बूझकर रिकॉर्ड छिपाया जा रहा है। अदालत ने कहा कि जमीन से जुड़े महत्वपूर्ण सरकारी रिकॉर्ड का गायब होना बेहद गंभीर मामला है और इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

*******************

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल, असम, केरलम, तमिलनाडु और पुद्दुचेरी में नयी विधानसभा के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही नई सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया है।

वहीं निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को चुनाव के बाद होने वाली किसी भी हिंसा से निपटने के कड़े निर्देश दिये हैं। आयोग ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सिर्फ मतदान और मतगणना तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि इसमें चुनाव परिणाम आने के बाद का माहौल भी शामिल है।

*******************

झारखंड विधानसभा की प्राक्कलन समिति की बैठक में शामिल होने धनबाद पहुंचे सभापति हेमलाल मुर्मू और भाजपा विधाायक नागेंद्र महतो ने पश्चिम बंगाल के चुनावी नतीजों पर प्रतिक्रिया दी है। झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि बंगाल में भाजपा ने जबरदस्ती जीत हासिल की है। ममता बनर्जी के इस्तीफे से इनकार के सवाल पर उन्होंने कहा कि संविधान के तहत उन्हें इस्तीफा देना पड़ेगा।

इधर बगोदर से भाजपा विधायक नागेंद्र महतो ने हेमलाल मुर्मू के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि बंगाल में आतंक का राज खत्म हुआ है और जनता ने बदलाव के लिए वोट किया है। नागेंद्र महतो ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है और ममता बनर्जी को जनता ने नकार दिया है।

*******************

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण– यू आई डी ए आई और नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिसर्विटी–एन एफ एस यू ने साइबर सुरक्षा और डिजिटल फॉरेंसिक को मजबूत बनाने के लिए आपसी सहयोग शुरू किया है। इस साझेदारी के तहत दोनों संस्थानों के बीच पांच वर्षों के लिए समझौता किया गया है, जिसका उद्देश्य डिजिटल पहचान प्रणाली को सुरक्षित बनाना है। यह सहयोग छह प्रमुख क्षेत्रों साइबर सुरक्षा ऑडिट, फॉरेंसिक अनुसंधान, तकनीकी सहायता, शैक्षणिक विकास, सूचना सुरक्षा और नई तकनीकों पर शोध शामिल हैं।

*******************

लोहरदगा जिले में डालसा ने लोगों को कानूनी जानकारी देने और जागरूक करने लिए विधिक जागरूक अभियान शुरू किया है। डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने बताया कि यह अभियान लोगों को कानूनी जानकारी देगा।

******************

धनबाद स्थित आईआईटी आईएसएम में कल रिन्यूएबल एनर्जी और क्रिटिकल मिनरल्स पर आधारित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। रोल ऑफ रिन्यूएबल एनर्जी इन क्रिटिकल मिनरल्स एंड माइनिंग ऑपरेशंस नीड फॉर विकसित भारत विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में देशभर से शिक्षाविद, शोधकर्ता और उद्योग विशेषज्ञ जुटे और ऊर्जा तथा खनन के भविष्य पर मंथन किया।

******************

झारखंड हाई कोर्ट ने एचआईवी संक्रमित बच्चों के मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को पीड़ित बच्चों को निःशुल्क तथा गुणवत्तापूर्ण इलाज, सुरक्षित रक्त चढ़ाने की व्यवस्था तथा नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। अदालत ने प्रभावित परिवारों को सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया।

******************

रांची में झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा–2023 को लेकर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा के निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संचालन के लिए 15 केंद्रों पर दंडाधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसे लेकर सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर दायरे में निषेधाज्ञा लागू की गई है।

******************

राज्य के पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया है। बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह अस्पताल पहुंचे और परिजनों और चिकित्सकों से उनकी स्थिति की जानकारी ली।

वहीं गोमिया के पूर्व विधायक लंबोदर महतो ने भी उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

******************

धनबाद पुलिस ने वासेपुर गैंग के फरार प्रिंस खान के खास सहयोगी सैफी अब्बास नकवी उर्फ मेजर को एक दिन की रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ की है। इस दौरान गैंग के पूरे नेटवर्क, फंडिंग और ऑपरेशन के तरीकों को लेकर कई अहम जानकारी मिली है।

******************

सरायकेला खरसावां जिले के कुकड़ू प्रखंड के एक जंगल में कल रात करंट से एक हाथी की मौत हो गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अवैध बालू ढेर और ट्रकों की आवाजाही से हाथियों का मार्ग बाधित हुआ है, जिससे वे भटककर खतरनाक क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं।

******************

घरेलू शेयर बाजार में आज मिलाजुला असर देखने को मिला। शुरूआत में सेंसेक्स ने 300 अंक की बढ़त के साथ कारोबार की जबकि निफ्टी ने 100 अंकों की बढ़त पर कारोबार किया। वहीं अभी सेंसेक्स 78 अंकों की गिरावट के साथ 76 हजार 939 पर कारोबार कर रहा है, जबकि निफ्टी में 17 अंकों की गिरावट दर्ज की गयी।

******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने का भाव एक लाख अड़तीस हजार पांच सौ रूपये है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख पचास हजार  रुपये प्रति किलो है।

******************

मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में गरज, वज्रपात और तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जतायी है। विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की अपील की है।

******************